भारत सरकार
सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2950
05.08.2026 को उत्तर देने के लिए

पीएलएफएस डेटा में गिग वर्कर्स को शामिल करना

2950. श्री अभिषेक बनर्जी:

क्या सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के अंतर्गत गिग कामगारों को एक अलग श्रेणी के रूप में शामिल नहीं किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(ख) क्या सरकार का भविष्य के पीएलएफएस दौरों में गिग कामगारों को एक विशिष्ट श्रेणी के रूप में वर्गीकृत करने का विचार है ताकि उनके आर्थिक अंशदान को बेहतर ढंग से प्राप्त किया जा सके और यदि हां, ती तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार गिग कार्य की कार्य आधारित प्रकृति को दर्शाने के लिए विशेष सर्वेक्षण कराने पर विचार कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) वर्ष 2026 की स्थिति के अनुसार गिग वर्कर्स की औसत मासिक आय कितनी है?

उत्तर

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), योजना मंत्रालय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा संस्कृति मंत्रालय राज्य मंत्री (राव इंद्रजीत सिंह)

(क): सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) के अंतर्गत राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) देश में विभिन्न श्रम बाजार संकेतकों को अनुमानित करने के लिए आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) संचालित करता है। पीएलएफएस में 'गिग और प्लेटफ़ॉर्म-आधारित कामगारों' के रूप में संलग्न व्यक्तियों को विशिष्ट रूप से चिह्नित नहीं किया जाता है। तथापि, वह सभी बाज़ार कार्यकलाप अर्थात् वे कार्य जो वेतन या लाभ के लिए किए जाते हैं और जिनसे विनिमय हेतु वस्तुओं तथा सेवाओं का उत्पादन होता है को पीएलएफएस के अधीन आर्थिक कार्यकलाप के दायरे में शामिल किया जाता है। अतः वेतन एवं लाभ के लिए 'गिग और प्लेटफ़ॉर्म-आधारित कामगारों' के रूप में संलग्न व्यक्ति भी पीएलएफएस के दायरे में आते हैं।

(ख) से (ग): पीएलएफएस में गिग श्रमिकों का एक अलग श्रेणी के रूप में अलग वर्गीकरण वर्तमान में एमओएसपीआई के विचाराधीन नहीं है। हालांकि, पीएलएफएस 2026 में, गिग श्रमिकों के एक उपसमुच्चय 'डिजिटल प्लेटफॉर्म कामगारों ' पर जानकारी का संग्रह शुरू किया गया है, जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ सामान्य स्थिति में प्लेटफॉर्म कार्य में कार्यरत या कार्य कर रहे व्यक्तियों की पहचान करना शामिल है, साथ ही प्लेटफॉर्म कार्य से जुड़ी प्रमुख विशेषताओं को भी शामिल किया गया है।

(घ): गिग वर्कर्स की औसत मासिक आय से संबंधित जानकारी पीएलएफएस में उपलब्ध नहीं है।

*****